पुस्तिका में पृष्ठों की संख्या–08
No. of pages in Booklet -08
पुस्तिका में प्रश्नों की संख्या–100
No. of Questions in Booklet -100
Subject Code – 01
विषय / SUBJECT : **Paper – 1**

**HINDI**

# IS - 81

Question Paper Booklet No.
प्रश्न–पत्र पुस्तिका संख्या
14167793

समय : 2.00 घण्टे
Time: 2.00 Hours

अधिकतम अंक : 200
Maximum Marks: 200

प्रश्न–पत्र पुस्तिका एवं उत्तर पत्रक के पेपर सील / पॉलिथीन बैग को खोलने पर परीक्षार्थी यह सुनिश्चित कर लें कि उसके प्रश्न–पत्र पुस्तिका पर वही प्रश्न–पत्र पुस्तिका संख्या अंकित है जो उत्तर पत्रक पर अंकित है। इसमें कोई भिन्नता हो तो वीक्षक से दूसरा प्रश्न–पत्र प्राप्त कर लें। ऐसा न करने पर जिम्मेदारी अभ्यर्थी की होगी।

The candidate should ensure that Question Paper Booklet No. of the Question Paper Booklet and Answer Sheet must be same after opening the Paper Seal/ polythene bag. In case they are different, a candidate must obtain another Question Paper from the Invigilator. Candidate himself shall be responsible for ensuring this.

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।
2. सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।
3. प्रत्येक प्रश्न का केवल एक ही उत्तर दीजिए।
4. एक से अधिक उत्तर देने की दशा में प्रश्न के उत्तर को गलत माना जाएगा।
5. प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर दिये गये हैं, जिन्हें क्रमशः 1, 2, 3, 4 अंकित किया गया है। अभ्यर्थी को सही उत्तर निर्दिष्ट करते हुए उनमें से केवल एक गोले अथवा बबल को उत्तर पत्रक पर **नीले बॉल प्वाइंट पेन** से गहरा करना है।
6. OMR उत्तर पत्र इस परीक्षा पुस्तिका के साथ रखा है। जब आपको परीक्षा पुस्तिका खोलने को कहा जाए, तो उत्तर पत्र निकाल कर ध्यान से केवल नीले बॉल प्वाइंट पेन से विवरण भरें। **OMR उत्तर पत्र पर प्रश्न–पत्र पुस्तिका संख्या ध्यानपूर्वक भरें।**
7. **प्रत्येक गलत उत्तर के लिए प्रश्न अंक का 1/3 भाग काटा जायेगा।** गलत उत्तर से तात्पर्य अशुद्ध उत्तर अथवा किसी भी प्रश्न के एक से अधिक उत्तर से है। किसी भी प्रश्न से संबंधित गोले या बबल को खाली छोड़ना गलत उत्तर नहीं माना जायेगा।
8. मोबाइल फोन अथवा इलेक्ट्रॉनिक यंत्र का परीक्षा हॉल में प्रयोग पूर्णतया वर्जित है। यदि किसी अभ्यर्थी के पास ऐसी कोई वर्जित सामग्री मिलती है तो उसके विरुद्ध आयोग द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।
9. कृपया अपना रोल नम्बर ओ.एम.आर. पत्रक पर सावधानीपूर्वक सही भरें। गलत अथवा अपूर्ण रोल नम्बर भरने पर 5 अंक कुल प्राप्तांकों में से काटे जा सकते हैं।
10. यदि किसी प्रश्न में किसी प्रकार की कोई मुद्रण या तथ्यात्मक प्रकार की त्रुटि हो तो प्रश्न के हिन्दी तथा अंग्रेजी रूपान्तरों में से अंग्रेजी रूपान्तर मान्य होगा।

चेतावनी : अगर कोई अभ्यर्थी नकल करते पकड़ा जाता है या उसके पास से कोई अनधिकृत सामग्री पाई जाती है, तो उस अभ्यर्थी के विरुद्ध पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कराते हुए विविध नियमों–प्रावधानों के तहत कार्यवाही की जाएगी। साथ ही विभाग ऐसे अभ्यर्थी को भविष्य में होने वाली विभाग की समस्त परीक्षाओं से विवर्जित कर सकता है।

## INSTRUCTIONS FOR CANDIDATES

1. Answer all questions.
2. All questions carry equal marks.
3. Only one answer is to be given for each question.
4. If more than one answers are marked, it would be treated as wrong answer.
5. Each question has four alternative responses marked serially as **1, 2, 3, 4**. You have to darken only one circle or bubble indicating the correct answer on the Answer Sheet using **BLUE BALL POINT PEN.**
6. The OMR Answer Sheet is kept with this Test Booklet. When you are directed to open the Test Booklet, take out the Answer Sheet and fill in the particulars carefully with **blue** ball point pen only. **Please fill the Question Paper Booklet no. on the OMR Answer Sheet carefully.**
7. **1/3 part of the mark(s) of each question will be deducted for each wrong answer.** (A wrong answer means an incorrect answer or more than one answers for any question. Leaving all the relevant circles or bubbles of any question blank will not be considered as wrong answer.)
8. Mobile Phone or any other electronic gadget in the examination hall is strictly prohibited. A candidate found with any of such objectionable material with him/her will be strictly dealt as per rules.
9. Please correctly fill your Roll Number in O.M.R. Sheet. **5 Marks** can be deducted for filling wrong or incomplete Roll Number.
10. If there is any sort of ambiguity/mistake either of printing or factual nature then out of Hindi and English Version of the question, the English Version will be treated as standard.

**Warning** : *If a candidate is found copying or if any unauthorized material is found in his/her possession, F.I.R. would be lodged against him/her in the Police Station and he/she would liable to be prosecuted. Department may also debar him/her permanently from all future examinations.*

**इस परीक्षा पुस्तिका को तब तक न खोलें जब तक कहा न जाए।**
**Do not open this Test Booklet until you are asked to do so.**

01 ☆



Download From - www.letsstudytogether.co

1 'बुरे भाव से की गई संधि' को कहते हैं:
(1) दुरभिसंधि (2) छद्मसंधि
(3) कूट-संधि (4) दुष्ट-संधि

2 वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध शब्द है:
(1) शुश्रूषा (2) सुश्रूषा
(3) सुश्रुषा (4) शुश्रुषा

3 इनमें से किस शब्द की संधि सही नहीं है?
(1) अधि + आदेश = अध्यादेश
(2) अभि + आगत = अभ्यागत
(3) अधि + अधीन = अध्याधीन
(4) अभि + अर्थी = अभ्यर्थी

4 किस विकल्प में सही पारिभाषिक शब्द है?
(1) Judicial Tribunal = विधिक प्राधिकरण
(2) Juvenile Offender = किशोर अपराधी
(3) Apprentice = प्रशिक्षणार्थी
(4) Disposal = भुगतान

5 किस शब्द में 'अव' उपसर्ग का प्रयोग हुआ है?
(1) अवश्य (2) अवचन
(3) अवाप्ति (4) अवध्य

6 वर्तनी की दृष्टि से अशुद्ध शब्द है:
(1) दुरवस्था (2) गृहिणी
(3) सरोजनी (4) रचयित्री

7 'जिसको थोड़ा ज्ञान हो'- वाक्यांश के लिए सार्थक शब्द होगा:
(1) अनभिज्ञ (2) अज्ञ
(3) अभिज्ञ (4) अल्पज्ञ

8 किस शब्द की संधि गलत है?
(1) अतः + एव = अतएव
(2) मन + इतर = मनेतर
(3) अक्ष + ऊहिनी = अक्षौहिणी
(4) नव + ऊढा = नवोढा

9 इनमें 'मिश्र वाक्य' कौनसा है?
(1) प्रधानाध्यापकजी ने कहा कि कल विद्यालय बंद रहेगा।
(2) बहुत से छात्र पुस्तकालय में हिन्दी व्याकरण की पुस्तक पढ़ रहे हैं।
(3) लड़के मैदान में एक सभा का आयोजन कर रहे हैं।
(4) सतीश खाना खाकर उठा और हरीश खाना खाने बैठा।

10 इनमें 'भाववाच्य' से संबंधित वाक्य है?
(1) सर्दियों में रोज नहाया नहीं जाता।
(2) वृद्ध आराम से बैठ नहीं सकता।
(3) लोग खुलकर हँस रहे थे।
(4) 'रामचरितमानस' ग्रन्थ तुलसी द्वारा लिखा गया।

11 इनमें सर्वनाम से बनी भाववाचक संज्ञा है:
(1) सगता (2) ममता
(3) बड़प्पन (4) लड़कपन

12 'दक्षिण और पश्चिम के बीच की दिशा'- के लिए सार्थक शब्द होगा:
(1) ईशान (2) आग्नेय
(3) नैर्ऋत्य (4) वायव्य

13 किस शब्द में 'परा' उपसर्ग नहीं है?
(1) परामर्श (2) पराक्रम
(3) पराभव (4) परायण

14 इनमें व्याकरण की दृष्टि से कौनसा कथन सही नहीं है?
(1) भाववाच्य केवल अकर्मक क्रियाओं में होता है।
(2) कर्मवाच्य अकर्मक और सकर्मक-दोनों क्रियाओं में होता है।
(3) कर्तृवाच्य भी अकर्मक और सकर्मक-दोनों क्रियाओं में होता है।
(4) सभी प्रेरणार्थक क्रियाएँ सकर्मक होती हैं।

15 इनमें वर्तनी की दृष्टि से सही शब्द है:
(1) पड़ोसी (2) दम्पती
(3) नुपुर (4) श्लाघि

16 किस वाक्य में 'सकर्मक' क्रिया नहीं है?
(1) मजदूर पेड़ के नीचे बहुत देर से बैठा है।
(2) किसान हल से खेत जोत रहा है।
(3) मोहन बाजार में फल खरीद रहा है।
(4) तीन छात्र पुस्तकालय में पढ़ रहे हैं।

17 'आभरण - आमरण' शब्द युग्म का सही अर्थभेद है:
(1) आभूषण, अनशन
(2) भरण-पोषण, जीवनपर्यन्त
(3) आभूषण, मरणपर्यन्त
(4) मृत्युपर्यन्त, आभूषण

18 किस शब्द का संधि-विच्छेद गलत है?
(1) प्रतीक्षा = प्रति + इक्षा
(2) मध्वरि = मधु + अरि
(3) यथेष्ट = यथा + इष्ट
(4) पावक = पौ + अक



Download From - www.letsstudytogether.co

19 ईश्वर ने सुनने को दो कान दिए हैं। – इसमें 'सुनने को' वाक्यांश में कौनसा कारक है?

(1) अधिकरण (2) करण

(3) सम्प्रदान (4) कर्म

20 वर्तनी की दृष्टि से कौनसा शब्द अशुद्ध है?

(1) शूर्पणखा (2) सर्पिणी

(3) श्वेतांगी (4) चतुरिंणी

21 इनमें व्याकरण की दृष्टि से शुद्ध वाक्य है:

(1) दिल्ली में अनेक दर्शनीय स्थल देखने योग्य है।

(2) यह डिब्बा केवल मात्र महिलाओं के लिए आरक्षित है।

(3) शीघ्र ही वह आन्दोलन देशव्यापी हो गया।

(4) आज की वर्तमान स्थिति में देश असमंजस में है।

22 कौनसा विलोम – युग्म गलत है?

(1) मूक – वाचाल

(2) सम्पन्न – विपन्न

(3) मितव्ययी – अल्पव्ययी

(4) सम्मुख – विमुख

23 इनमें देशज शब्द है:

(1) झोंपड़ी (2) अफीम

(3) पानी (4) तमाशा

24 किस शब्द का संधि–विच्छेद सही नहीं है?

(1) महामात्य = महा + आमात्य

(2) भयाक्रांत = भय + आक्रांत

(3) स्नेहाविष्ट = स्नेह + आविष्ट

(4) कंटकाकीर्ण = कंटक + आकीर्ण

25 किस विकल्प के सभी शब्द परस्पर पर्यायवाची हैं?

(1) अग्नि, वह्नि, अनिल

(2) पाषाण, अश्म, उत्पल

(3) व्योम, नभ, अम्बर

(4) पयोधर, उरोज, सरोज

26 इनमें से किस वाक्य में 'कर्तृवाच्य' का प्रयोग हुआ है?

(1) छात्रों द्वारा सजावट की गई।

(2) मजदूर से दर्द के कारण उठा नहीं गया।

(3) आज नागरिकों द्वारा सफाई अभियान चलाया गया।

(4) मोहन पुस्तक पढ़ रहा है।

27 किस वाक्य में क्रिया के 'सातत्यबोधक पक्ष' का प्रयोग हुआ है?

(1) मैं रोज सुबह टहलने जाता हूँ।

(2) वह स्नान करके मंदिर जाता है।

(3) विद्यार्थी पुस्तकालय में बैठकर समाचार पत्र पढ़ते हैं।

(4) मोहन अपनी कक्षा में पढ़ा रहा है।

28 व्याकरण की दृष्टि से कौनसा वाक्य सही नहीं है?

(1) परशुराम की क्रोधाग्नि से सभी आतंकित थे।

(2) मरीज को यथासमय दवा देनी चाहिए।

(3) वह सदैव ही सत्य बोलता है।

(4) मैंने गुरुजी के दर्शन किए।

29 व्याकरण की दृष्टि से कौनसा वाक्य सही है?

(1) बीमारी के कारण वह उपस्थित नहीं हो सका।

(2) वसंत के मौसम में फूल खिलने से कौन रोक सकता है।

(3) सूक्ष्म निरीक्षण से हम बहुत सी बातों को सीखते हैं।

(4) मैं वहाँ पहुँचा ही था जबकि आप आ गए।

30 इनमें कौनसा शब्द 'तद्भव' नहीं है?

(1) गेह (2) देह

(3) धूल (4) फूल

31 निम्न में से कौनसा शब्द विदेशी मूल का नहीं है–

(1) कायल (2) चाय

(3) तम्बाकू (4) विज्ञापन

32 'सीधी उँगली से घी नहीं निकलता' लोकोक्ति का भावार्थ है:

(1) उँगली टेढ़ी करके घी निकालना चाहिए

(2) कभी उँगली से घी नहीं निकालना चाहिए

(3) बहुत सीधा होने से काम नहीं चलता

(4) घी हमेशा चम्मच से ही निकालना चाहिए

33 इनमें कौनसा विलोम शब्द युग्म सही नहीं है?

(1) आकर्षण – विकर्षण

(2) अमल – विमल

(3) ईमानदार – बेईमान

(4) कृतज्ञ – कृतघ्न

34 किस शब्द में 'आवट' प्रत्यय नहीं है?

(1) लिखावट (2) थकावट

(3) रुकावट (4) महावट





Download From - www.letsstudytogether.co

35 इनमें से किस लोकोक्ति का भावार्थ सुसंगत नहीं है?
(1) मन चंगा तो कठौती में गंगा = यदि मन शुद्ध है तो घर में ही तीर्थाटन का फल मिल सकता है
(2) आ बैल मुझे मार = जान–बूझकर विपत्ति में पड़ना
(3) काला अक्षर भैंस बराबर = बिलकुल अनपढ़
(4) आँख के अंधे, नाम नयनसुख = दृष्टिबाधित को अपना नाम सोच–विचार कर ही रखना चाहिए

36 किस विकल्प में 'कर्मधारय' समास नहीं है?
(1) महात्मा (2) कालासाँप
(3) गजानन (4) नीलकमल

37 किस वाक्य में 'स्थानवाचक' क्रिया विशेषण है?
(1) आप यहाँ बैठिए।
(2) वह धीरे–धीरे चलता है।
(3) मोहन जयपुर से अभी आया है।
(4) गुरुजी बहुत कम बोलते हैं।

38 किस विकल्प में सही पारिभाषिक शब्द नहीं है?
(1) Respondent = प्रतिवादी
(2) Deterrent Punishment = निवारक दंड
(3) Legal Protection = न्यायिक संरक्षण
(4) De facto = वस्तुतः

39 किस वाक्य में 'अकर्मक' क्रिया का प्रयोग किया गया है?
(1) मजदूर चाय पी रहा है।
(2) बालक बहुत देर से रो रहा है।
(3) अम्मा खाना बना रही है।
(4) रमेश पुस्तक पढ़ रहा है।

40 किस वाक्य में क्रिया की 'संभावनार्थवृत्ति' का प्रयोग हुआ है?
(1) लगता है इस बार अच्छी बरसात होगी।
(2) अध्ययन करने–वाला छात्र अच्छे अंक प्राप्त करता है।
(3) बालक घर जा चुका था।
(4) दो और दो मिलकर चार होते हैं।

41 किस शब्द में उपसर्ग और प्रत्यय – दोनों का प्रयोग हुआ है?
(1) व्यंजित (2) व्यथित
(3) शमित (4) गर्हित

42 इनमें वर्तनी की दृष्टि से कौनसा शब्द सही नहीं है?
(1) घनिष्ठ (2) परिशिष्ट
(3) अनिष्ट (4) स्वादिष्ट

43 'दाल में कुछ काला होना' – मुहावरे का भावार्थ है:
(1) दाल जल जाना
(2) दाल में कुछ गिर जाना
(3) दाल का छौंक जल जाना
(4) आशंका या संदेह होना

44 अर्थभेद की दृष्टि से, समश्रुत भिन्नार्थक शब्द–युग्म का कौनसा विकल्प सही है?
(1) ग्रह–गृह = घर, नक्षत्रादि आकाशीय पिण्ड
(2) अपत्य–अपथ्य = संतान, जो बीमार के लिए उपयुक्त न हो
(3) अवधि– अवधी = एक भाषा, समय सीमा
(4) जलद–जलज = कमल, बादल

45 किस शब्द में 'करण तत्पुरुष' समास नहीं है?
(1) मनमाना (2) ईश्वरदत्त
(3) तुलसीकृत (4) पदच्युत

46 इनमें 'अर्द्ध–विराम' का सूचक चिह्न है:
(1) , (2) ;
(3) – (4) :

47 'हर समय दूसरों की कमियाँ ढूँढने वाला' – वाक्यांश के लिए सार्थक शब्द होगा:
(1) छिद्रान्वेषी (2) चुगलखोर
(3) दुष्ट (4) आलोचक

48 कौनसा शब्द 'केश' का पर्यायवाची नहीं है?
(1) कुन्तल (2) कच
(3) शिरोरुह (4) सरोरुह

49 Disbursing Authority के लिए सही पारिभाषिक शब्द है:
(1) वितरण अधिकारी
(2) संवितरण प्राधिकारी
(3) वितरण प्राधिकारी
(4) संवितरण अधिकारी

50 किस विकल्प में मुहावरे का भावार्थ सही नहीं है?
(1) अंगारे उगलना = बहुत कठोर बातें कहना
(2) अल्लाह को प्यारा होना = ईश्वर का प्रिय भक्त होना
(3) भंडा फूटना = रहस्य प्रकट हो जाना
(4) आँखें तरेरना = क्रोध से देखना



Download From - www.letsstudytogether.co

51 किस शब्द की संधि सही है?
(1) स्त्री + उचित = स्त्रीयोचित
(2) नदी + अर्पण = नद्यार्पण
(3) एक + एक = एकैक
(4) पितृ + अनुमति = पित्रनुमति

52 'नौ दिन चले अढ़ाई कोस' लोकोक्ति का भावार्थ है:
(1) काम करने की बहुत धीमी गति
(2) पैदल चलने की आदत होनी चाहिए चाहे बहुत धीरे-धीरे ही चलें
(3) व्यक्ति को नौ दिन तक प्रतिदिन अढ़ाई कोस पैदल चलना चाहिए
(4) पैदल चलने में बहुत समय लगता है, इसलिए पैदल न चलें, समय की बचत करें

53 'वाक्य' की दृष्टि से कौनसा कथन सही नहीं है?
(1) रचना के आधार पर वाक्य के तीन भेद किये जाते हैं– सरल, संयुक्त और मिश्र वाक्य।
(2) अर्थ के आधार पर भी वाक्यों का वर्गीकरण किया जा सकता है।
(3) 'उद्देश्य' और 'विधेय' वाक्य के आवश्यक घटक माने गए हैं।
(4) क्रिया को 'उद्देश्य' और कर्ता को 'विधेय' कहते हैं।

54 इनमें से कौनसा शब्द 'तत्सम' नहीं है?
(1) सूक्ति (2) पंक्ति
(3) शीत (4) रीत

55 इनमें कौनसा शब्द विशेषण नहीं है?
(1) भीतर (2) गुरुतर
(3) विश्वस्त (4) विगत

56 किस वाक्य में करण कारक (परसर्ग) का प्रयोग किया गया है?
(1) बालक पुस्तक पढ़ रहा है।
(2) सोहन जयपुर गया है।
(3) किसान दिन-रात मेहनत करता है।
(4) हम नाक से साँस लेते हैं।

57 व्याकरण की दृष्टि से शुद्ध वाक्य है:
(1) प्राचार्य ने विजेताओं को पुरस्कार भेंट किए।
(2) वह पाँव से जूता उतार रहा है।
(3) रमा को उसकी योग्यता पर अहंकार है।
(4) वह विदुषी महिला है।

58 'कलई खुलना' मुहावरे का भावार्थ है:
(1) कपड़े की सिलाई खुल जाना
(2) बर्तन की कलई उतर जाना
(3) रहस्य प्रकट हो जाना
(4) कली का खिल कर फूल बन जाना

59 इनमें से कौनसा शब्द 'धनुष' का पर्यायवाची नहीं है?
(1) विशिख (2) कोदण्ड
(3) चाप (4) शरासन

60 किस वाक्य में 'विराम-चिह्न' संबंधी विसंगति है?
(1) सूर्यकान्त त्रिपाठी "निराला" छायावाद के प्रमुख कवि थे।
(2) वाह! आपने तो कमाल कर दिया।
(3) आप कानपुर से कब आये?
(4) राम, श्याम और विजय दिल्ली गए हैं।

61 किस विकल्प में 'द्वन्द्व' समास नहीं है?
(1) दालभात (2) भूतप्रेत
(3) शुभाशुभ (4) शुभागमन

62 'चोर ने धन के लिए, धारदार हथियार से व्यवसायी की गर्दन धड़ से अलग कर दी।' इस वाक्य में किस कारक का प्रयोग नहीं हुआ है?
(1) अपादान (2) करण
(3) सम्बन्ध (4) अधिकरण

63 निम्न में से शुद्ध शब्द है:
(1) अभिजात्य (2) अध्यात्मिक
(3) हथिनी (4) पुनरावलोकन

64 'घूमने-फिरने वाला साधु'– वाक्यांश के लिए सार्थक शब्द क्या होगा?
(1) योगी (2) तपस्वी
(3) श्रमण (4) परिव्राजक

65 किस वाक्य में 'अकर्मक' क्रिया नहीं है?
(1) बच्चा गहरी नींद में सो रहा था।
(2) मजदूर छाया में सुस्ता रहा था।
(3) बालक पतंग उड़ा रहा था।
(4) दो छात्र बातें करते हुए जोर-जोर से हँस रहे थे।

66 किस वाक्य में पूर्वकालिक क्रिया का प्रयोग हुआ है?
(1) वह नहाकर पढ़ेगा।
(2) रेलगाड़ी स्टेशन पर पहुँच चुकी थी।
(3) थोड़ी देर पहले पानी बरस रहा था।
(4) घंटा लगते ही वह चल पड़ा।



Download From - www.letsstudytogether.co

67 किस विकल्प के सभी शब्द परस्पर पर्यायवाची नहीं हैं?
(1) गलत, अशुचि, लुप्त
(2) व्याल, उरग, पन्नग
(3) रजनी, यामिनी, निशि
(4) रश्मि, अंशु, मयूख

68 किस वाक्य में कर्म कारक है?
(1) छात्र छत पर बैठे हैं।
(2) लड़का पत्थर फेंकता है।
(3) वह गोपाल की पुस्तक है।
(4) मजदूर थककर सो गया।

69 किस शब्द में दो से अधिक उपसर्ग हैं?
(1) अव्यवस्था (2) निरनुनासिकता
(3) अपादान (4) निस्संकोच

70 किस वाक्य में 'कर्मवाच्य' नहीं है?
(1) उससे खाना नहीं खाया गया।
(2) छात्र द्वारा पुस्तक पढ़ी गई।
(3) बालक खिलखिलाकर हँस रहा था।
(4) दोषी व्यक्ति द्वारा क्षमायाचना की गई।

71 इनमें से किस शब्द में 'इल' प्रत्यय नहीं है?
(1) जटिल (2) शाम्लि
(3) लोहिल (4) फेनिल

72 किस विकल्प के सभी शब्द 'विशेषण से बनी भाववाचक संज्ञा' हैं?
(1) महत्त्व, सौन्दर्य, प्राथमिकता
(2) मनुजत्व, स्वास्थ्य, नैतिकता
(3) छुटपन, लड़कपन, धार्मिकता
(4) धैर्य, गौरव, पशुता

73 कौनसा विलोम युग्म सही नहीं है?
(1) सापेक्ष – निरपेक्ष (2) आपत्ति – विपत्ति
(3) स्वकीय – परकीय (4) व्यष्टि – समष्टि

74 **Deputation** के लिए सही पारिभाषिक शब्द नहीं है:
(1) प्रतिनियुक्ति
(2) अस्थायी नियुक्ति
(3) प्रतिनिधिमंडल
(4) शिष्टमंडल

75 किस वाक्य में 'निपात' का प्रयोग हुआ है?
(1) हरीश छत पर बैठा है।
(2) कल एक कवि-गोष्ठी का आयोजन किया गया है।
(3) आप भी आइयेगा।
(4) मैं छुट्टी के दिन घर पर रहता हूँ।

76 किस विकल्प में सही पारिभाषिक शब्द है?
(1) Random = उल्टा-पुल्टा
(2) Minutes = कार्यसूची
(3) Recommended = संस्तुत
(4) Attorney General = महाधिवक्ता

77 इनमें 'तद्भव' शब्द है:
(1) बजरंग (2) सुरंग
(3) पकवान्न (4) मिष्टान्न

78 **Discharge Petition** के लिए सही पारिभाषिक शब्द है:
(1) उन्मोचन याचिका
(2) कार्यमुक्ति आवेदन
(3) सेवामुक्ति आवेदन
(4) निरस्त याचिका

79 'मानसिक भाव छिपाना' वाक्यांश के लिए सार्थक शब्द है:
(1) असूया (2) अमर्ष
(3) अवहित्था (4) अक्षधूर्त

80 इनमें से किस विकल्प के सभी शब्द 'तत्सम' हैं?
(1) प्रगट, निठुर, पथिक
(2) भीति, गीत, मीत
(3) संकट, शकट, सहज
(4) पुस्तक, मस्तक, जोग

81 किस विकल्प में मुहावरे का भावार्थ गलत है?
(1) कन्नी काटना = पेंच लड़ाकर पतंग काटना
(2) कान खड़े होना = सतर्क हो जाना
(3) पत्थर की लकीर = अमिट या पक्की बात
(4) सिर धुनना = पश्चाताप करना

82 किस वाक्य में 'हेतुहेतुमद् भूतकाल' का प्रयोग हुआ है?
(1) गुरुजी आएँगे तो अध्यापन होगा।
(2) उसने खाना खाया और चल पड़ा।
(3) अब तक बस जा चुकी होगी।
(4) सावधानी बरतते तो दुर्घटना न होती।

83 इनमें 'संयुक्त वाक्य' कौनसा है?
(1) स्वामीजी ने अपने उद्बोधन में कहा कि शाकाहारी बनो।
(2) दरवाजा खुला रह गया अतः चोर घर में घुस आए।
(3) छात्राओं ने अत्यंत सुन्दर 'भरतनाट्यम' प्रस्तुत किया।
(4) यह वही स्थल है जहाँ कृष्णभक्त मीरा पैदा हुई थी।



Download From - www.letsstudytogether.co

84 किस शब्द में अव्ययीभाव समास नहीं है?
(1) आमरण (2) यथासाध्य
(3) श्रमसाध्य (4) आजन्म

85 इनमें से किस शब्द में 'बे' उपसर्ग नहीं है?
(1) बेचारा (2) बेचान
(3) बेईमान (4) बेवकूफ

86 मुहावरे के भावार्थ की दृष्टि से कौनसा विकल्प सही नहीं है?
(1) बाल की खाल निकालना = बहुत परिश्रम करना
(2) कलेजा ठंडा होना = शांति या संतोष प्राप्त होना
(3) कमर कसना = अच्छी तरह तैयार होना
(4) फटेहाल होना = बहुत गरीब होना

87 किस विकल्प में क्रिया के 'पूर्णताबोधक पक्ष' का प्रयोग हुआ है?
(1) अब बरसात रुक गई है।
(2) अध्यापक छात्रों को अनुशासन सिखाते हैं।
(3) किसान बहुत परिश्रम करता है।
(4) वह राष्ट्रभक्तिपूर्ण गीत लिखता है।

88 किस विकल्प में 'बहुव्रीहि' समास है?
(1) पंचपात्र (2) चतुरानन
(3) त्रिभुवन (4) चतुर्युग

89 किस वाक्य में क्रिया की 'इच्छार्थवृत्ति' का प्रयोग हुआ है?
(1) संभवतः वह शाम तक लौट आएगा।
(2) डाकिया चिट्ठी क्यों नहीं लाया?
(3) ईश्वर सबका कल्याण करे।
(4) श्याम विद्यालय चला गया होगा।

90 किस वाक्य में कोई विदेशी शब्द नहीं है?
(1) घंटा बजा तब तक मैं स्कूल पहुँच चुका था।
(2) कक्षाध्यापक संस्कृत पढ़ा रहे थे।
(3) मेरी बस–यात्रा बहुत सुविधाजनक रही।
(4) उसे रेल्वे स्टेशन पहुँचने में आधा घंटा लगा।

91 किस विकल्प में मुहावरे का भावार्थ सही है?
(1) पेट पर लात मारना = बुरी तरह पीटना
(2) पहाड़ टूटना = अतिवृष्टि होना
(3) बगलें झाँकना = इधर–उधर देख कर चलना
(4) नाक का बाल होना = अत्यधिक घनिष्ठ या प्रिय व्यक्ति होना

92 किस वाक्य में कर्मकारक नहीं है?
(1) बालक रोते–रोते सो गया।
(2) ग्वाला गाय दुहता है।
(3) माँ बच्चे को सुलाती है।
(4) राजा ने ब्राह्मण को बुलाया।

93 किस शब्द की संधि सही नहीं है?
(1) सत् + धर्म = सद्धर्म
(2) सत् + नारी = सद्नारी
(3) महा + उदय = महोदय
(4) वर्षा + ऋतु = वर्षर्तु

94 इनमें भाववाचक संज्ञा है:
(1) बालक (2) सुन्दर
(3) बचपन (4) पचपन

95 किस विकल्प में सही पारिभाषिक शब्द नहीं है?
(1) Disparity = असमानता
(2) Discrepancy = विसंगति
(3) Integrity = सत्यनिष्ठा
(4) Preference = प्राथमिकता

96 इनमें क्रिया से बनी भाववाचक संज्ञा नहीं है:
(1) कमाई (2) लड़ाई
(3) पढ़ाई (4) भलाई

97 इनमें से कौनसा विकल्प 'सरल वाक्य' के अन्तर्गत आएगा?
(1) बस में खराबी थी इसलिए दुर्घटना हुई।
(2) प्रधानमंत्री ने कहा कि हम शांति और युद्ध दोनों के लिए तैयार हैं।
(3) छात्रा ने बहुत ओजपूर्ण स्व–रचित कविता सुनाई।
(4) श्याम आया और मोहन चला गया।

98 इनमें किन शब्दों की गणना 'अव्यय' के अंतर्गत की जाती है?
(1) क्रिया विशेषण शब्द (2) क्रिया शब्द
(3) विशेषण शब्द (4) संज्ञा शब्द

99 कौनसा विलोम–युग्म सही है?
(1) स्मरण – विस्मरण
(2) खण्डन – विखण्डन
(3) नत – विनत
(4) शिष्ट – विशिष्ट

100 'वह साहित्य जिसमें गद्य और पद्य दोनों मिश्रित हों– के लिए सार्थक शब्द है:
(1) गद्यकाव्य (2) चम्पू
(3) गद्यगीत (4) मिश्रित काव्य



Download From - www.letsstudytogether.co